दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

फरारी के दौरान हलेड़ गांव में बना रहा था नकली बीज-पेस्टीसाइड

Jan 12, 2020, 07:30 AM IST

भास्कर संवाददाता | भीलवाड़ा

चित्तौड़गढ़ के सदर थाना पुलिस द्वारा पकड़े गए नकली बीज और पेस्टीसाइड्स के विक्रेता राजेन्द्र उर्फ राजू चेचाणी की गिरफ्तारी के बाद गंगरार पुलिस ने शनिवार को भीलवाड़ा के हलेड़ में स्थित उसके गोदाम पर भी छापा मारा। पुलिस ने यहां से करीब दो ट्रक नकली बीज और पेस्टीसाइड्स आदि बरामद किए हैं।

आरोपी राजू चेचाणी की निशानदेही पर कार्रवाई करने के लिए गंगरार डीएसपी वृद्धिचंद गुर्जर और बस्सी थाना प्रभारी विनोद मेनारिया शनिवार को हलेड़ पहुंचे। राजू चेचाणी ने फरारी काटने के दौरान हलेड़ में भी गोदाम किराए पर लेकर नकली बीज और पेस्टीसाइड्स का अवैध धंधा शुरू कर दिया। गौरतलब है कि राजू चेचाणी को बस्सी पुलिस ने भीलवाड़ा से गिरफ्तार किया था। उसे न्यायालय में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया गया। इस मामले में बस्सी थानाधिकारी विनोद मेनारिया ने बताया कि बस्सी निवासी राजेन्द्र पुत्र राधेश्याम चेचाणी के मकान के पीछे एवं पास में बने तीन गोदामों पर छापा मारकर लाखों रुपए मूल्य के विभिन्न कंपनियों के नकली बीज, पेस्टिसाइड, इंसेक्टीसाइड्स, विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के रैपर, प्रिंटेड पॉलीबैग, पैकेजिंग मशीन आदि जब्त किए गए थे। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। हलेड़ में बड़ी मात्रा में पकड़े गए नकली बीज, पेस्टीसाइड को कृषि विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

Source: https://www.bhaskar.com/rajasthan/bhilwara/news/rajasthan-news-farai-was-making-fake-seed-pasteside-in-hared-village-073048-6375863.html